शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

मंत्रिमंडल के लिए जनवरी, 2025 माह का मासिक सारांश:

जनवरी, 2025 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियाँ

(क) यूजीसी (विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति एवं पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यताएं और उच्चतर शिक्षा में मानकों के संधारण के उपाय) विनियम, 2025 का मसौदा दिनांक 06.01.2025 को जारी किया और फीडबैक, सुझावों और परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया। यह विनियम विश्वविद्यालयों को अपने संस्थाओं में शिक्षकों और शैक्षणिक स्टाफ को नियुक्त एवं पदोन्नत करने में लचीलापन प्रदान करेगा।

(ख) माननीय शिक्षा मंत्री ने दिनांक 30.01.2025 को साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात की। माननीय शिक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष-100 विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त और भारत में परिसर स्थापित करने वाला प्रथम विदेशी संस्था होने के नाते, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय का दिल्ली एनसीआर परिसर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों छात्रों के लिए अनुसंधान, नवाचार और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करेगा। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय द्वारा भारत में परिसर स्थापित करना, भारत का शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत में अध्ययन कार्यक्रम में सहायता करता है और घरेलू स्तर पर वैश्विक शिक्षा मानकों को आगे बढ़ाता है, जैसा कि एनईपी 2020 में परिकल्पना की गई है।

(ग) माननीय शिक्षा मंत्री ने दिनांक 7 जनवरी 2025 को इंडिया ट्रेक प्रतिनिधिमंडल (एमआईटी और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए के छात्र) के साथ बैठक की। माननीय मंत्री जी ने भारत की शिक्षा प्रणाली-इसके पैमाने , सुधार, चुनौतियों और नीतिगत परिणामों संबंधी जानकारी साझा की। #एनईपी2020 के तहत किए गए पहलों के संबंध में चर्चा की।

(घ) सचिव (उच्चतर शिक्षा) ने प्रो. कैरोलिन नोम्बो, स्थायी सचिव, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमओईएसटी), तंजानिया के साथ दिनांक 15 जनवरी, 2025 को बैठक की। चर्चा में एनईपी 2020 के तहत उद्योग इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता एकीकृत शिक्षा कौशल, संकाय गतिशीलता, शिक्षक प्रशिक्षण, और भविष्य में अफ्रीका-भारत सहयोग को सुदृढ़ करने में संभावित सहयोग शामिल थे।

(ङ) विशिष्ट अधिगम अक्षमताओं के संबंध में क्षमता निर्माण के लिए व्यक्तिगत कार्यशाला चरण का आयोजन उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनआईईपीए और चेंजइंक फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान में दिनांक 06.01.2025 से 22.01.2025 तक किया गया जिसमें प्रवेश विभाग; छात्र और केम्पस लाइफ मामलों के कार्यालय; शैक्षणिक मामले, संकाय और परीक्षा प्रकोष्ठ;

आईटी विभाग और कैरियर एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के लिए कार्यशाला क्रमशः दिनांक 06.01.2025, 08.01.2025, 10.01.2025, 20.01.2025 और 22.01.2025 को आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कुल 93 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

(च) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में संयुक्त सचिव पद हेतु भर्ती नियमों में आगे संशोधन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भर्ती (संशोधन) नियम , 2025 दिनांक 13.01.2025 को अधिसूचित किया गया है।

***